# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

वर्ष-2 अंक-21 सांगवाड़ा, बुधवार, 5 अक्टूबर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि: (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



## भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी निभा रही अहम भूमिक : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन हमारी सरकार का मूल मंत्र है। सरकार द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर सख्त निर्णय लिये जा रहे हैं। हमारी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आय से अधिक संपत्ति एवं पद के दुरूपयोग के प्रकरणों में विशेष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गहलोत मंगलवार शाम झालाना स्थित एसीबी मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान एसीबी की कार्यशैली की सराहना देशभर में हो रही है। एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने एसीबी द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान 'सजग ग्राम' व 'एसीबी आपके द्वार' की पहुंच बढ़ाने व अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए लोक अभियोजक संवर्ग के सदृढ़ीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इससे लम्बित प्रकरणों का भी निस्तारण शीघ्र हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त कर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने से ही राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। गहलोत ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत के लिए एसीबी की हैल्पलाइन 1064 एवं वॉट्सप नम्बर 94135-02834 के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सरकारी कार्यालयों में इस हैल्पलाइन की जानकारी देने वाले पोस्टर चस्पा किए जाएं तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि एसीबी हैल्पलाइन पर आय से अधिक सम्पत्ति, पद के दुरूपयोग तथा रिश्वत संबंधी कई शिकायतें प्राप्त होती हैं। भ्रष्टाचार निरोधक कानून के अंतर्गत वर्ष 2022 में अब तक 392 प्रकरण पंजीकृत किये गए हैं। यह आंकड़ा वर्ष 2021 में 375 तथा वर्ष 2020 में 221 रहा। न्यायालय तथा मुख्यालय स्तर पर निस्तारित प्रकरणों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। एसीबी महानिदेशक बी.एल. सोनी ने ब्यूरो की योजनाओं, कार्यप्रणाली, प्रगति, नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, एसीबी उपमहानिरीक्षक प्रथम विष्णु कांत, उपमहानिरीक्षक तृतीय कालूराम रावत, एसपी मुख्यालय योगेश दाधीच व ब्यूरो के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दशहरा पर आज होगी आतिशबाज़ी और रावण दहन

**सागवाडा।** शहर के महिपाल खेल मैदान में दशहरा के अवसर पर रात को भव्य आतिशबाज़ी की जाएगी। कोरोना के चलते पिछले दो सालों से दशहरा पर रावण दहन नहीं किया जा रहा था। इस वर्ष दशहरा पर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि दशहरा के अवसर पर बुधवार रात को महिपाल मैदान में चल रही रामलीला के मंचन का समापन होगा। समापन के बाद भव्य आतिशबाज़ी के साथ ही सवा आठ बजे रावण दहन का कार्यक्रम किया जाएगा। महिपाल खेल मैदान में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले बनाए गए हैं।



## मुंह से आग निकलेगी, तलवार जलेगी और आंख से आंसू निकलेंगे

### 35 फ़ीट का रावण का पुतला और मेघनाथ-कुंभनगर का पुतला 30 फीट के

**सागवाड़ा।** कोरोना काल बाद एक बार फिर दशहरा पर रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा।

महिपाल खेल मैदान में बुधवार को दशहरा पर्व रावण, मेघनाथ व कुंभनगर के पुतले का दहन के होगा।

रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले दहन की तैयारियां जोरों से शुरु हो गई। महिपाल खेल मैदान में दस-पद्रह कारीगरों द्वारा पुतले बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस बार आकर्षण के साथ पुतलों का दहन किया जाएगा। ठेकेदार रमेश सोमा बांसड़ ने बताया गया कि रावण का पुतला 35 फीट व मेघनाथ-कुंभनगर का पुतला 30 फीट का होगा।रमेश सोमा बांसड़ ने बताया कि पुतलों के दहन से पहले एक घंटे तक आतिशबाजी की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी।



## निम्स हॉस्पिटल के टैक्निशीयन की होटल में संदिग्ध मौत

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के एक होटल में अचानक से एक युवक की लाश मिल जाने से सनसनी मच गई। घटना आदर्श नगर थाना इलाके के होटल स्वास्तिक की है। जहां पर 2 अक्टूबर को नीरज तिवारी नाम का युवक होटल में आकर रुका था। 3 दिन से नीरज कमरे से बाहर नहीं निकला। जैसे ही आज कमरे से बदबू आना शुरू हुआ तो यहां मौजूद होटल कर्मियों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे के अंदर बेड पर नीरज की लाश पड़ी हुई थी। देखते ही देखते पूरे होटल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद आदर्श नगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हालात को गंभीर देखते हुए जयपुर सिटी फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से एक इंजेक्शन बरामद किया। सबूत जुटाने के बाद पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया।

## बेटे ने की बुजुर्ग पिता की हत्या, शराब के नशे में पत्नी व बेटी से मारपीट के दौरान बीच-बचाव के लिए आया था बुजुर्ग

**डूंगरपुर।** जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के रामपुर मेवाडा गाँव में एक कलयुगी बेटे ने शराब के नशे में अपनी बुजुर्ग पिता की सिर पर लट्ठ मारकर हत्या कर दी। आरोपी बेटा अपनी पत्नी व बेटी से शराब के नशे में मारपीट कर रहा था इस दौरान बुजुर्ग बीच-बचाव के लिए बीच में आये थे। इधर हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बेटे की तलाश शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के रामसागडा थाने के थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया की रामपुर मेवाडा निवासी 30 वर्षीय प्रवीण पुत्र हुरमा भगोरा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में प्रवीण भगोरा ने बताया की उसके साथ 60 वर्षीय हुरमा भगोरा रहते है। वही उसका बड़ा भाई धूला भगोरा अपने परिवार के साथ दूसरे घर में रहते है। कल रात को उसका बड़ा भाई धुला भगोरा शराब के नशे में अपनी पत्नी मंजुला व बेटी काली के साथ मारपीट कर रहा था। इस दौरान मंजुला भागकर उसके घर पर आई और बताया की उसका पति उसके साथ मारपीट कर रहा है। इधर मंजुला के पीछे-पीछे धुला भी लट्ठ लेकर प्रवीण के घर पर आ गया। वही लट्ठ से मंजुला से मारपीट करने लगा। इस दौरान पिता हुरमा ने मारपीट में बीच-बचाव किया तो धुला ने शराब के नशे में अपने पिता हुरमा पर लट्ठ से हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग हुरमा गम्भीर घायल हो गया। वही आरोपी धुला मौके से फरार हो गया। इसके बाद घायल बुजुर्ग को परिजन गुजरात के मोडासा लेकर गए वहा पर बुजुर्ग का उपचार करवाकर घर ले आये। वही आज सुबह फिर से बुजुर्ग की तबियत बिगड़ गई जिस पर परिजन बुजुर्ग को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आये और भर्ती करवाया। इधर अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग हुरमा की मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने मामले की जानकारी रामसागडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही छोटे भाई की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बड़े भाई की तलाश शुरू कर दी है।

## 104 एम्बुलेंस ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एम्बुलेंस चालक हुआ फरार

**सागवाडा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के सरोदा मार्ग पर एक गैस गोदाम के पास जननी सुरक्षा 104 एम्बुलेंस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार युवक की सागवाडा अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।

वही हादसे के बाद एम्बुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही एम्बुलेंस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाने के थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया की माणकपूरा निवासी ईश्वरलाल परमार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में ईश्वरलाल परमार ने बताया की माणकपुरा निवासी 29 वर्षीय उसका भतीजा विष्णु पुत्र गवरा परमार माणकपूरा से मोटर साइकिल से सरोदा अपनी घर के बहिन के घर जाने के लिए निकला था। इस दौरान सागवाडा-सरोदा मार्ग पर एक गैस गोदाम के पास सामने से तेज गति से आ रही जननी सुरक्षा 104 एम्बुलेंस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विष्णू गंभीर रूप से घायल हो गया। वही हादसे के बाद एम्बुलेंस चालक मौके से फरार हो गया।

इधर घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने 108 एम्बुलेंस को सुचना दी। सुचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल विष्णु को सागवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहा पर उपचार के दौरान विष्णु की मौत हो गई। इधर घटना की सुचना पर मृतक के परिजन व सागवाडा थाना पुलिस सागवाडा अस्पताल पहुंचे। जहा पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर मृतक के चाचा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी एम्बुलेंस चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।

पिता की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है तथा मां एवं बड़ा भाई बीमार रहते हैं। मृतक अविवाहित है तथा मुम्बई में मजदूरी का कार्य करता था।

## पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने उतारी आरती



**सागवाड़ा।** नवरात्रि की नवमीं पर मंगलवार को नगर के खटीक समाज द्वारा डांडिया महोत्सव शामिल हुए अतिथियों का नवयुवक मण्डल व समाज बन्धुओं ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया सहित पार्षदायो को तिलक लगाकर स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने मां अंबे की प्रतिमा के समक्ष महाआरती कर डांडिया महोत्सव की शुरुआत की।

## मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने सचिन पायलट को सीएम बनाने की पैरवी की

**जयपुर/झुंझुनूं।** राजस्थान में सियासी बवाल रोकने के लिए कांग्रेस हाईकमान की तरफ से नेताओं के खिलाफ बयानबाजी पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद कई नेताओं का सब्र टूटता दिख रहा है। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने एक बार फिर सचिन पायलट को सीएम बनाने की पैरवी की है। उन्होंने कहा- मानेसर जाने वाले 5 विधायकों को जब मंत्री बना सकते हैं तो पायलट को सीएम क्यों नहीं? मंत्री ने पायलट के खिलाफ षड्यंत्र करने का आरोप लगाया है। बोले- जैसे महाभारत में अभिमन्यु को बड़े-बड़े महारथियों ने साजिश करके घेरकर मारा था। ऐसी ही साजिश पायलट के साथ की गई।

## कुए में डूबने से युवक की मौत, कुए पर नहाने गया था युवक, परिवार में गम का माहोल

**सागवाडा।** डूंगरपुर जिले के ओबरी थाना क्षेत्र के घाटा पाडलिया गाँव में कुए में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक जादेला गाँव निवासी था और पास के गाँव में नहाने के लिए कुए पर गया था। नहाते समय पैर फिसलने से ये हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के ओबरी थाने के थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया की घाटा का गांव ग्राम पंचायत के जादेला निवासी 22 वर्षीय जयेश पुत्र मावजी खांट पास के गांव घाटा पाडलिया के नालवाला तालाब के पीछे एक कुएं में नहाने गया था । नहाते समय जयेश खांट का पैर फिसल गया और कुए में गिर गया।

कुआं गहरा होने एवं उसे तैरना नहीं आने से उसकी डूबने से मौत हो गई। इधर घटना के बाद आसपास के लोगो की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगो ने मामले की सुचना सरपंच निर्मला सुभाष हड़ात को दी। इधर सरपंच ने मामले की सूचना ओबरी थाना पुलिस को दी। सुचना पर ओबरी थाने के थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह राव, हैड कांस्टेबल सुरेश भोई, मुकेश अहारी, गोविन्द लबाना, कांस्टेबल नाथूलाल, गजेन्द्र व तुलसीराम मौके पर पहुंचे। कुआं करीब चालीस फीट गहरा होने के चलते पुलिस ने शव निकालने के लिए गोताखोरो को बुलवाया गया। सुचना पर गोताखोर हारुनशेख बादशाह, तब्रेज शेख, शाहजहां शेख व जीतू खांट मौके पर पहुंचे।

चारो गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने शव को सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में पहुँचाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर युवक की मौत के बाद जादेला गांव में शौक की लहर है वही परिवार में गम का माहोल है।

### राजनीति में नया मोड आयेगा, सचिन पायलट व खाचरियावास भाई-भाई

## सचिन पायलट-मंत्री खाचरियावास से उनके बंगले पर मिले



**जयपुर।** कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट खेमों के बीच चल रहे घमासान के बीच अब नेताओं की मुलाकातों से नई चर्चाएं छिड़ गई हैं। सचिन पायलट ने सोमवार रात मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास के बंगले पर पहुंचकर करीब सवा घंटे तक चर्चा की है। लंबे समय बाद पायलट खाचरियावास के सरकारी बंगले पर पहुंचे,जहां दोनों के बीच सियासी मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई हैं। मुलाकात को लेकर मंत्री खाचरियावास ने कहा- मैं और पायलट विधानसभा में भी एक ही सोफा पर बैठते हैं। विधानसभा में जब बराबर बैठते हैं तो वहां भी बात होती रहती है। यह कहना गलत है कि हमारी आपस में चर्चा नहीं होती। अब पायलट घर आ गए तो इसमें नई बात नहीं है,विधानसभा में तो मिलते ही हैं वहां भी बात होती रहती है। पायलट आएंगे तो बातें तो होंगी ही,कोई भजन कीर्तन थोड़े ही करेंगे,सब बातें हुई हैं। लेकिन वे बताने की नहीं हैं। सोमवार रात पायलट से लंबी मुलाकात के बाद मंगलवार दोपहर खाचरियावास ने सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात की। दोनों मुलाकातों के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। खाचरियावास ने अपने बयान से यह साफ कर दिया है कि दोनों नेताओं के बीच मौजूदा सियासी घटनाक्रम और सियासी बवाल पर भी चर्चा हुई है। ऐसे में इस मुलाकात को दोनों खेमों के बीच जारी कोल्ड वॉर के हिसाब से काफी अहम माना जा रहा है। पायलट के खिलाफ हाल में खाचरियावास मुखर होकर बयानबाजी कर रहे थे। उन्हीं खाचरियावास से उनके सरकारी बंगले पर जाकर पायलट का मिलना दोनों के बीच सियासी तल्खियों को कम करने और सियासी रिश्तों की बर्फ पिघलने से जोड़कर देखा जा रहा है। इसे गहलोत और पायलट खेमों के बीच तल्खी कम करने से भी जोड़ा जा रहा है। पायलट ने विधानसभा में भी विधायकों से मुलाकात की थी, इससे पहले भी गहलोत खेमे के विधायकों से मिले थे, बीच में विधायक दल की बैठक के बाद सियासी बवाल बढ़ गया और पूरा नरेटिव ही बदल गया। खाचरियावास सचिन पायलट के कट्टर समर्थक थे। पायलट जब प्रदेशाध्यक्ष थे तब पूरे पांच साल खाचरियावास ने राजधानी में धरने प्रदर्शनों से लेकर पार्टी के कार्यक्रम आयोजित करने में पायलट का साथ दिया। खाचरियावास को मंत्री बनाने में भी पायलट का ही रोल था। जुलाई 2020 में पायलट खेमे की बगावत के वक्त खाचरियावास ने पायलट की जगह गहलोत खेमे का साथ दिया। दोनों के बीच उसी समय से दरार आ गई थी।

2020 के बाद पायलट पहली बार खाचरियावास के घर जाकर मिले हैं। खाचरियावास ने जुलाई 2020 में सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय खूब बयान दिए थे। खाचरियावास ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के चार्ज संभालने के दिन कहा था कि सचिन जब निकर में घूमते थे तब मैं राजस्थान यूनिवर्सिटी का अध्यक्ष बन गया था। प्रताप सिंह के इस बयान पर पायलट समर्थकों ने उस वक्त कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी।